Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 20 दिसंबर, 2023

नौकरी आरक्षण से रक्त विकारों का बहिष्कार

दिव्यांगजन व्यक्तियों के अधिकार (RPWD) अधिनियम 2016 में दिव्यांगता के रूप में मान्यता के बावजूद, **थैलेसीमिया**, **सिकल सेल रोग** और हीमोफिलिया से पीड़ित व्यक्तियों को सरकारी नौकरी के **आरक्षण** से बाहर करने का केंद्र का निर्णय चिंता उत्पन्न करता है।

- **सरकार विशिष्ट दिव्यांगताओं के लिये सरकारी नौकरियों में 4% आरक्षण प्रदान करती है,** जिसमें दृष्टि की पूर्ण हानि और कम दृष्टि, सुनने की पूर्ण हानि तथा कम सुनवाई, लोकोमोटर विकलांगता आदि शामिल हैं।
  - सरकार RPWD अधिनियम, 2016 की धारा 34 का हवाला देती है, जिसमें कहा गया है कि थैलेसीमिया सहित **रक्त विकार वाले व्यक्ति सरकारी प्रतिष्ठानों में नौकरी आरक्षण के लिये पात्र** नहीं हैं।
- कार्यकर्त्ता यह कहते हुए असंतोष व्यक्त करते हैं कि अधिनियम में मान्यता प्राप्त विकलांगताओं को नौकरी आरक्षण से बाहर करना अधिनियम के उद्देश्य को विफल करता है।

और पढ़ें: विश्व हीमोफीलिया दिवस, भारत में आरक्षण

109वीं भारतीय विज्ञान कॉन्ग्रेस (ISC)

लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (LPU) ने आयोजन की व्यवहार्यता पर चिंता जताते हुए **109वीं** **भारतीय विज्ञान कॉन्ग्रेस (ISC)** की मेज़बानी से अपना नाम वापस ले लिया है।

- ISC एक प्रतिष्ठित और प्रभावशाली वैज्ञानिक संगठन है जिसकी वार्षिक बैठक जनवरी के पहले सप्ताह में होती है।
  - इसकी स्थापना वर्ष 1914 में भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिये की गई थी।
- **भारतीय विज्ञान कॉन्ग्रेस एसोसिएशन (ISCA)** आधिकारिक निकाय है जो इस कार्यक्रम का आयोजन करता है।
  - ISCA, **विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग**, **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय** के तहत एक पेशेवर निकाय है।
- 109वें ISC का विषय "सतत् भविष्य के लिये विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर वैश्विक परिप्रेक्ष्य" है।

और पढ़ें: 108वीं भारतीय विज्ञान कॉन्ग्रेस

WHO ने कोविड-19 मामले बढ़ने पर JN.1 को चिंताजनक वेरिएंट के रूप में नामित किया

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा **कोविड-19** के **JN.1 उप-वेरिएंट** को इसके मूल वंश, **BA.2.86,** जिसे अमूमन पिरोला के नाम से जाना जाता है, से अलग "चिंताजनक वेरिएंट" के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इस प्रकार वर्गीकृत होने के पश्चात **WHO इसके वैश्विक संक्रमण पर** बारीकी से **नज़र रखता है**, इसके **स्वास्थ्य जोखिमों का मूल्यांकन करता है** तथा इससे संबंधित अंतर्राष्ट्रीय डेटा साझा करने की सुविधा प्रदान करता है।

- इसके प्रसार में तेज़ी से वृद्धि के बावजूद, **WHO ने स्पष्ट किया कि** वर्तमान में इस वेरिएंट से **सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम बढ़ने का कोई डेटा नहीं मिला** है।
- हालाँकि उत्तरी गोलार्द्ध में सर्दियों की शुरुआत के साथ चिंताएँ उत्पन्न होती हैं, जिससे श्वसन संक्रमण में वृद्धि के साथ स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों पर प्रभाव पड़ता है।
- विशेष रूप से **भारत में JN.1 के कई मामले दर्ज किये गए** हैं और साथ ही विश्व भर के अन्य देशों, जैसे कि अमेरिका, सिंगापुर व चीन ने भी इसकी उपस्थिति की पुष्टि की है।

और पढ़ें...कोविड-19, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

गोवा मुक्ति दिवस

वर्ष 1961 में पुर्तगाली शासन से **राज्य की मुक्ति की स्मृति** में हर साल 19 दिसंबर को **गोवा मुक्ति** दिवस मनाया जाता है।

- भारत सरकार ने **आज़ादी के बाद** गोवा में सेना भेजने के लिये **14 वर्ष तक इंतज़ार किया** क्योंकि यह एक संवेदनशील मुद्दा था और सरकार **पुर्तगाल के साथ युद्ध का जोखिम नहीं उठाना चाहती** थी।
- **वर्ष 1961 में** भारत सरकार ने **ऑपरेशन विजय** लॉन्च किया व 19 दिसंबर को **दमन और दीव** तथा **गोवा को भारतीय मुख्य भूमि में विलय कर** लिया।
    - परिणामस्वरूप, **गोवा, दमन** और **दीव** भारत के **केंद्रशासित प्रदेश** बन गए।
- **गोवा 1987 तक केंद्र शासित प्रदेश** बना रहा और फिर इसे भारत के **25वें राज्य का दर्जा** दिया गया।
    - **30 मई** को **गोवा राज्य स्थापना दिवस के रूप** में मनाया जाता है।
- **गोवा के वन्यजीव अभयारण्य और राष्ट्रीय उद्यान:**
    - महादेई वन्यजीव अभयारण्य
    - नेत्रावली वन्यजीव अभयारण्य
    - कोटिगाओ वन्यजीव अभयारण्य
    - भगवान महावीर अभयारण्य
    - मोलेम राष्ट्रीय उद्यान

और पढ़ें: गोवा मुक्ति दिवस

//

और पढ़ें: गोवा मुक्ति दिवस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-20-december,-2023